दिल्ली सरकार
आप की सरकार

# हिन्दी अकादमी, दिल्ली

## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

## अकादमी में कलाकारों एवं कला दलों के सूचीकरण के लिए आमंत्रण

हिन्दी अकादमी, दिल्ली सरकार की एक स्वायत्तशासी संस्था है जिसका उद्देश्य दिल्ली में हिन्दी भाषा, साहित्य और संस्कृति का संवर्धन और विकास करना है। अकादमी द्वारा पूरे वर्ष साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इन कार्यक्रमों के आयोजन में सांस्कृतिक दलों, लोक कलाकारों, रंगकर्मियों एवं कलाकारों की आवश्यकता होती है। इन कार्यक्रमों के आयोजन में व्यापक रूप से उनकी सहभागिता को पारदर्शी तरीके से अपनाने के लिए अकादमी निम्न वर्गों के कलाकारों/दलों/एकल कलाकारों व नाट्य निर्देशकों से आवेदन आमंत्रित करती है :–

1. शास्त्रीय नृत्य
2. अर्द्ध शास्त्रीय संगीत एवं आधुनिक संगीत
3. नाटक एवं नृत्य नाटिका
4. लोक कला
5. एकल कलाकार (वीणा वादक, बांसुरी वादक, वॉयलेन व अन्य सभी शास्त्रीय/लोक संगीत यंत्रों के वादक)
6. कोई अन्य कलाकार/वाद्य यंत्र वादक जो उपरोक्त में छूट गया हो।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी अकादमी की वेबसाइट www.hindiacademy.delhi.gov.in पर उपलब्ध है। विधिवत रूप से भरे गये आवेदन–पत्र समाचार–पत्र में विज्ञापन प्रकाशन के दिन से एक माह के अंदर जमा कराये जा सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए श्री जगदीश चन्द्र शर्मा, सहायक सचिव (कार्यक्रम), दूरभाष संख्या 011–20923005 पर संपर्क करें।

(संजय कुमार गर्ग)
सचिव

सचिव
हिन्दी अकादमी, दिल्ली

# हिन्दी अकादमी, दिल्ली

(राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार)
समुदाय भवन, पदम नगर, किशन गंज, दिल्ली–110007

हिन्दी अकादमी, दिल्ली द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में आमंत्रित कलाकारों/सांस्कृतिक दल/बैंड इत्यादि को अकादमी ने नवीन पंजीकरण करने हेतु नियमावली तैयार किये जाने के लिए तीन सदस्य समति का गठन किया गया था। दिनांक 21 अप्रैल, 2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए–

1. उपसचिव, हिंदी अकादमी, दिल्ली
2. लेखाधिकारी, हिंदी अकादमी, दिल्ली
3. सहायक सचिव (कार्य.) हिंदी अकादमी, दिल्ली

बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा तैयार नियमावलियों का अध्ययन किया और अकादमी की आवश्यकताओं के अनुसार संशोधन कर उसकी रूपरेखा तैयार की जो इस प्रकार से है–

## अकादमी में कलाकारों एवं कला दलों के सूचीकरण के लिए दिशा–निर्देश

हिन्दी अकादमी, दिल्ली सरकार की एक स्वायत्तशासी संस्था है जिसका उद्देश्य दिल्ली में हिन्दी भाषा, साहित्य और संस्कृति का संवर्धन और विकास करना है। अकादमी द्वारा पूरे वर्ष साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इन कार्यक्रमों के आयोजन में सांस्कृतिक दलों, लोक कलाकारों, रंगकर्मियों एवं अन्य कलाकारों की आवश्यकता होती है। इन कार्यक्रमों के आयोजन में व्यापक रूप से उनकी सहभागिता को पारदर्शी तरीके से अपनाने के लिए अकादमी निम्नलिखित वर्गों के कलाकारों/दलों/एकल कलाकारों व नाट्य निर्देशकों से आवेदन आमंत्रित करती है :–

क. वर्ग

**1. शास्त्रीय नृत्य**

i- कत्थक
ii- भरत नाट्यम
iii- ओडिसी
iv- कुचिपुड़ी
v- कत्थकली
vi- मणिपुरी

**2. अर्द्ध शास्त्रीय संगीत एवं आधुनिक संगीत**

i- ठुमरी, कजरी, गीत
ii- भक्ति
iii- साहित्यिक कविताओं का गायन
iv- हिन्दी गीत एवं गजल

21.4.2023 21/4/23 21.04.2023

अगले पृष्ठ पर जारी

v- हिन्दी आर्केस्ट्रा

vi- हिन्दी रॉक बैण्ड

vii- अन्य

3. नाटक एवं नृत्य नाटिका

4. लोक कला (लोक सांस्कृतिक दल)

i- हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, छत्तीसगढ़, झारखंड, हिमाचल व उत्तर प्रदेश के विभिन्न अंचलों के लोक संगीत

ii- हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, छत्तीसगढ़, झारखंड, हिमाचल व उत्तर प्रदेश के विभिन्न अंचलों के लोक नृत्य

iii- लोक रंगमंच/नौटंकी/रागिनी

iv- कठपुतली मंचन

5. उभरते हुए कलाकार/एकल कलाकार (वीणा वादक, बांसुरी वादक, वॉयलेन व अन्य सभी शास्त्रीय/लोक संगीत यंत्रों के वादक)

6. कोई अन्य कलाकार/वाद्य यंत्र वादक जो उपरोक्त में छूट गया हो।

ख. योग्यता

<u>आवेदन के लिए अनिवार्य शर्तें</u> :—

i- आवेदक ने राजकीय या राष्ट्रीय स्तर पर कम से कम चार या इससे अधिक प्रस्तुति की हो।

ii- आवेदक/कलाकार अपनी कला के विषय में दर्शकों को अच्छी तरीके से समझाने की क्षमता रखता हो।

iii- आवेदक भारतवर्ष का निवासी होना चाहिए। (आधार कार्ड की स्व—हस्ताक्षरित प्रतिलिपि संलग्न करें)

iv- संस्था के आवेदन के साथ संस्था का पंजीकरण प्रमाण—पत्र (स्व—हस्ताक्षरित प्रतिलिपि संलग्न करें) जमा करना अनिवार्य है।

v- पैन कार्ड की स्व—हस्ताक्षरित प्रतिलिपि।

vi- आवेदक का बैंक में खाता होना अनिवार्य है।

vii- मुद्रित बिल होना चाहिए तथा उस पर कलाकार/संस्था के बैंक एकाउण्ट, पैन कार्ड और जीएसटी पंजीकरण की जानकारी उपलब्ध हो।

viii- कलाकारों/दलों के चयन का अंतिम निर्णय सचिव, हिन्दी अकादमी, दिल्ली का होगा।

ix- कलाकार/संस्था द्वारा किए गए कार्यक्रमों की सीडी/फोटो संलग्न करें। कम से कम चार कार्यक्रमों की सीडी व बीस फोटो आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

x- उभरते हुए कलाकारों एवं दलों को अनुभव में छूट होगी तथा उनका चयन भेजी गई विडियो सोशल मीडिया लिंकस के आधार पर होगा। आवश्यकता पड़ने पर उभरते हुए एकल कलाकारों एवं कला दलों को समिति के सम्मुख प्रस्तुति अनिवार्य होगी।

अगले पृष्ठ पर जारी.....

21.4.2023 21/4/23 21.04.2023

ग. आवेदन प्रक्रिया

i- आवेदक/संस्था द्वारा निर्धारित प्रपत्र भरकर हिन्दी अकादमी की मेल hindiacademyprogramme1@gmail.com पर या अकादमी मुख्यालय के पते हिन्दी अकादमी, दिल्ली समुदाय भवन, पदम नगर, किशन गंज, दिल्ली–110007 पर भेजा जा सकता है।

ii- आवेदक/संस्था का अपना एक यू–ट्यूब चैनल होना आवश्यक है जिसमें कम से कम 10 मिनट एवं अधिकतम 30 मिनट की प्रस्तुति के कम से कम चार वीडियो डाले गये हो।

iii- एक से अधिक वर्गों में आवेदन करने के लिए आवेदकों/संस्थाओं को अलग–अलग प्रपत्र भरकर भेजने होंगे। सभी वर्गों के यू–ट्यूब लिंक का उल्लेख करें।

iv- लोक गायकों/लोक नृत्य कलाकारों/लोक नाट्य कलाकारों को अपने–अपने राज्य एवं क्षेत्र को दर्शाना होगा कि वे कहां से संबंधित हैं और उनकी कला की क्या विशेषताएँ हैं।

v- आवेदन के साथ अपनी प्रस्तुति के प्रमाण–पत्र, समाचार, अवार्ड आदि की एक–एक प्रति संलग्न करनी होगी।

घ. नियम एवं शर्तें

i- दल संख्या – दल में 15 से अधिक सदस्य नहीं होने चाहिए।

ii- दलों को दिल्ली में होने वाले कार्यक्रमों के लिए आने–जाने का भत्ता देय नहीं होगा तथा दिल्ली में किसी भी प्रकार की आवास–भोजन सुविधा अकादमी द्वारा देय नहीं होगी।

ड. पारिश्रमिक

हिन्दी अकादमी, दिल्ली सरकार द्वारा सभी विशिष्ट एवं उभरते हुए कलाकारों को निम्न प्रकार से पारिश्रमिक धनराशि का भुगतान किया जायेगा :–

1. **वर्ग 1 व 2 (i से iv ) के कलाकारों एवं दलों :–**

**क. उत्कृष्ट श्रेणी वाले दल में सदस्यों की संख्या 5 या उससे कम**

| | | |
|---|---|---|
| i- | मुख्य कलाकार को | 1,.00,000/– प्रति प्रस्तुति |
| ii- | साथी कलाकार को | 8,000/–प्रति प्रस्तुति |

**ख. उत्कृष्ट श्रेणी वाले दल में सदस्यों की संख्या कम से कम 6 और अधिकतम 15**

| | | |
|---|---|---|
| i- | मुख्य कलाकार को | 75,000/– प्रति प्रस्तुति |
| ii- | साथी कलाकार को | 6,000/–प्रति प्रस्तुति |

**घ. उपरोक्त श्रेणी के अतिरिक्त दल में सदस्यों की संख्या 5 या उससे कम**

21.4.2023 21/4/23 21.04.2023

अगले पृष्ठ पर जारी

| | | |
|---|---|---|
| i. | मुख्य कलाकार को | 60,000/– प्रति प्रस्तुति |
| ii. | साथी कलाकार को | 6,500/–प्रति प्रस्तुति |

ड. उपरोक्त श्रेणी के अतिरिक्त दल में सदस्यों की संख्या कम से कम 6 और अधिकतम 15

| | | |
|---|---|---|
| i- | मुख्य कलाकार को | 50,000/– प्रति प्रस्तुति |
| ii- | साथी कलाकार को | 5,000/–प्रति प्रस्तुति |

1. वर्ग 2 (v व vi) व वर्ग 3 में वर्णित नाटक एवं नृत्य नाटिका के कलाकारों एवं दलों :– **रुपये 1,50,000/– प्रति कार्यक्रम**
2. लोक सांस्कृतिक दल :–
   मुख्य कलाकार को 35,000/– प्रति प्रस्तुति,
   साथी कलाकार को 7,000/– प्रति प्रस्तुति
3. उभरते हुए कलाकार/एकल कलाकार **10,000/–प्रति प्रस्तुति**
   (वीणा वादक, बांसुरी वादक, वॉयलेन व अन्य सभी शास्त्रीय/लोक संगीत यंत्रों के वादक इत्यादि)
4. सांस्कृतिक दल :– **30,000/– प्रति प्रस्तुति**
   **(अकादमी के संस्थागत सहयोग हेतु केवल दिल्ली में पंजीकृत दल ही मान्य होंगे)**

सर्वसम्मति से उपर्युक्त रूपरेखा के अनुसार इस योजना को क्रियान्वित करने का सुझाव दिया गया।

| | | |
|---|---|---|
| 21.4.2023 | 21/4/23 | 21.04.2023 |
| (जगदीश चन्द्र शर्मा) | (जितेन्द्र प्रसाद) | (ऋषि कुमार शर्मा) |
| सहा.सचिव (कार्य) | लेखाधिकारी | उपसचिव |

# अकादमी में कलाकारों एवं कला दलों के सूचीकरण हेतु आवेदन

| आवेदक का नाम एवं संपर्क विवरण 1 | श्रेणी / उप श्रेणी | गुरु / संस्थान का विवरण 2 | राज्य एवं फार्म 3 | प्रदर्शन / शो विवरण 4 | पुरस्कार | उत्पादन (Production)का विवरण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | उत्पादन का प्रकार / प्रदर्शनी 5 | ग्रुप सदस्यों नृतकों / तकनीकीशन / कोरियोग्राफर / क्यूरेटर्स / कलाकारों आदि का विवरण | तकनीकी आवश्यकताएं | स्थान की आवश्यकता | यू ट्यूब / वेव लिंक |
| (i) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) | (vi) | (vii) | (viii) | (ix) | (x) | (xi) |
| | | | | | | | | | | |

## आवेदन का प्रारुप

1. आवेदक को अपना पता, ई मेल आई डी एवं मोबाइल नम्बर संपर्क विवरण में दर्ज करना है।
2. यह विशेष रुप से श्रेणी (I)से (IV) में आवेदन करने वाले आवेदकों के लिए है। आवेदकों को गुरु / संस्थान का नाम लिखना चाहिए जहां से प्रशिक्षण लिया गया है।
3. यह विशेष रुप से श्रेणी (VI) यानी लोक कलाओं के आवेदकों के लिए है। आवेदकों को उस राज्य / क्षेत्र का नाम निर्दिष्ट करना चाहिए जिससे वह विशिष्ट रुप से सम्बन्धित हैं।
4. आवेदकों का तारीख, अवसर और प्रकृति यानी राज्य / राष्ट्रीय / अंतर्राष्ट्रीय के साथ प्रदर्शनों / शो का स्पष्ट विवरण प्रदान करना चाहिए।
5. आवेदकों को श्रेणी (VII)अर्थात् प्रदर्शनियों के लिए एम एस वर्ड (MS Word)प्रारुप में प्रस्तावित प्रदर्शनी पर एक अवधारणा नोट संलग्न करना चाहिए।

   कृपया उपरोक्त जानकारी एम एस वर्ड (MS Word)दस्तावेज फाइल में ईमेल hindiacademyprogramme1 पर भेजी जा सकती है।